# कार्यालय छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज सहकारी संघ मर्यादित

"वन धन भवन" सेक्टर 24, अटल नगर, नवा रायपुर (छत्तीसगढ़)

दूरभाष : 0771-2513100

E-mail: mfpfed.cg@nic.in; Website: www.cgmfpfed.org


## इंटर्नस चयन हेतु साक्षात्कार (वॉक-इन-इन्टरव्यू) के संबंध में सूचना

छत्तीसगढ़ राज्य लघु बनोपज संघ, अटल नगर, नवा रायपुर द्वारा जिला यूनियन अंतर्गत वन धन विकास केन्द्र के सुदृढ़ीकरण हेतु **इंटर्नस (संग्रहण, लाख, संरक्षण एवं वन संवर्द्धन, आयुर्वेद, मार्केटिंग, लैब एनालिस्ट, आई.टी. एवं प्रसंस्करण)** का चयन **वॉक-इन-इन्टरव्यू** के माध्यम से किये जाने हेतु **जिला / जिला यूनियन के मूल निवासियों से संबंधित कार्यालय- मुख्य वन संरक्षक एवं पदेन मुख्य महा प्रबंधक, वन वृत्त (छ.ग.) संलग्न (प्रदर्श-01)** में साक्षात्कार का आयोजन किया जाना है।

इस हेतु योग्य अभ्यर्थी वेबसाईट में प्रदर्शित लिंक में अपनी मूलभूत जानकारी ऑनलाईन भरें तथा निर्धारित साक्षात्कार दिवस में उक्त जानकारी के प्रिंट आउट एवं मूल दस्तावेजों के साथ साक्षात्कार प्रारंभ होने के 1 घंटे पूर्व संबंधित वृत्त कार्यालय में उपस्थित होकर साक्षात्कार में भाग लेवें। साक्षात्कार का समय सारणी एवं साक्षात्कार स्थल का विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | तिथि | समय | समस्त रिक्तियां | मानदेय | रिक्त पदों का विवरण | स्थान |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | 25.09.2023 (प्रथम चरण) एवं 26.09.2023 (द्वितीय चरण) | दोप.10:00 बजे से 11:00 बजे तक | इंटर्न (लैब)-सामान्य | 15,000 + प्रदर्शन के आधार पर इंसेन्टिव + कार्य प्रगति के आधार पर 1500 मासिक अनुसंधान भत्ता | बिलासपुर वृत्त (1), रायपुर वृत्त (1), सरगुजा वृत्त (1), कांकेर (2), जगदलपुर जि.यू.(1),बिलासपुर जि.यू. (2), सरगुजा जि.यू.(1), बलौदाबाजार (1) | संबंधित वन वृत्त कार्यालय- जगदलपुर, कांकेर, रायपुर, सरगुजा, दुर्ग एवं बिलासपुर **(प्रदर्श-1)** |
| | | | इंटर्न (लैब)-माइक्रो. | | रायपुर वृत्त (1) | |
| | | दोप.11:00 बजे से 12:00 बजे तक | इंटर्न (संग्रहण) | 12,000 + प्रदर्शन के आधार पर इंसेन्टिव | बीजापुर (1), गरियाबंद (1), द.कोण्डागांव (1), बलरामपुर (1), दंतेवाड़ा (1), संघ मुख्यालय (2) | |
| | | | इंटर्न (संरक्षण एवं संवर्द्धन) | | जगदलपुर (1),नारायणपुर(1),धमतरी (1), कटघोरा (1), रायगढ़ (1), कोरिया (1), संघ मुख्यालय (1) | |
| | | दोप.12:00 बजे से 01:00 बजे तक | इंटर्न (प्रसंस्करण) | 15,000 + प्रदर्शन के आधार पर इंसेन्टिव + कार्य प्रगति के आधार पर 1500 मासिक अनुसंधान भत्ता | बीजापुर (1), सुकमा (1), जगदलपुर (2), दंतेवाड़ा (1), द.कोण्डागांव (2), नारायणपुर (1), गरियाबंद (2), बलौदाबाजार(1), बालोद(1), कवर्धा (1), कटघोरा(1),धरमजयगढ़(1),बलरामपुर(1), मनेन्द्रगढ़ (1), संघ मुख्यालय (5) | |

| क्र. | तिथि | समय | समस्त रिक्तियां | मानदेय | रिक्त पदों का विवरण | स्थान |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | दोप.01:00 बजे से 02:00 बजे तक | इंटर्न (मार्केटिंग) रिटेल | 15,000 + प्रदर्शन के आधार पर इंसेन्टिव + कार्य प्रगति के आधार पर 1500 मासिक अनुसंधान भत्ता | कांकेर वृत्त (1) रायपुर वृत्त (2), दुर्ग वृत्त (1), बिलासपुर वृत्त (2), सरगुजा वृत्त (1), जगदलपुर (1), संघ मुख्यालय (1) | |
| | | | इंटर्न (मार्केटिंग) बल्क | | संघ मुख्यालय (1) | |
| | | दोप.03:00 बजे से 3:30 बजे तक | इंटर्न (आई.टी.) | 15,000 + प्रदर्शन के आधार पर इंसेन्टिव + कार्य प्रगति के आधार पर 1500 मासिक अनुसंधान भत्ता | संघ मुख्यालय (2) | |
| | | दोप. 03:30 बजे से 04:30 बजे तक | इंटर्न (आयुर्वेद) | 15,000 + प्रदर्शन के आधार पर इंसेन्टिव + कार्य प्रगति के आधार पर 1500 मासिक अनुसंधान भत्ता | जगदलपुर(1), नारायणपुर(1), कांकेर (1), जशपुर (1), गरियाबंद (1), संघ मुख्यालय (1) | |
| | | दोप. 04:30 बजे से 05:30बजे तक | इंटर्न (लाख) | 12,000 + प्रदर्शन के आधार पर इंसेन्टिव | पूर्व भानुप्रतापपुर (1), कांकेर(1), राजनांदगांव (1), गरियावंद (1), कटघोरा (1), धरमजयगढ़ (1), मनेन्द्रगढ़(1), सूरजपुर (1), कोरिया (1) संघ मुख्यालय (1) | |

जिला नारायणपुर, सुकमा एवं बीजापुर अंतर्गत निवासरत अभ्यर्थी उक्त साक्षात्कार दिनांक के पूर्व दिनांक 21.09.2023 को साक्षात्कार हेतु संबंधित जिला यूनियन कार्यालय में उपस्थित होंगे । तत्पश्चात् अंतिम साक्षात्कार निर्धारित तिथि पर संबंधित वृत्त कार्यालय में उपस्थित होकर मुख्य साक्षात्कार में भाग लेंगे । साक्षात्कार के संबंध में अतिरिक्त जानकारी हेतु दूरभाष नं. 0771-2513100 से संपर्क स्थापित करें ।

**प्रबंध संचालक**
छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज सह. संघ मर्या.
नवा रायपुर (छ.ग.)

# -:: इंटर्नशिप चयन हेतु विज्ञापन एवं विस्तृत दिशा-निर्देश ::-

छ.ग. राज्य लघु वनोपज सहकारी संघ मर्यादित, नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.) द्वारा विभिन्न परियोजनाओं के अन्तर्गत इंटर्नशीप प्रोग्राम हेतु लघु वनोपज संग्रहण, प्रसंस्करण एवं उद्यमिता विकास आदि क्षेत्रों में कार्य करने हेतु इच्छुक अभ्यर्थी को इंटर्नस (संग्रहण, लाख, संरक्षण एवं वन संवर्द्धन, आयुर्वेद, मार्केटिंग, लैब एनालिस्ट, आई.टी. एवं प्रसंस्करण) के रूप में चयन करने हेतु **संलग्न प्रदर्श-1** अनुसार वृत्त कार्यालय में **दिनांक 25.09.2023** एवं **26.09.2023** को **प्रातः 11.00** बजे से अभ्यर्थियों की सुविधा हेतु दो दिवसीय **वॉक-इन-इन्टरव्यू** का आयोजन किया जा रहा है । यदि कोई अभ्यर्थी प्रथम दिवस के साक्षात्कार में सम्मिलित नहीं हो पाता है तो उनके द्वारा दूसरे दिवस के साक्षात्कार में भाग लिया जा सकता है । किन्तु साक्षात्कार परिणाम की घोषणा दोनो दिवसों के साक्षात्कार में सम्मिलित योग्य अभ्यर्थियों द्वारा प्राप्त अधिकतम अंको के आधार पर की जावेगी । इस संबंध में यदि किसी भी प्रकार का संशोधन होता है अथवा तिथि परिवर्तन आदि हेतु सूचना केवल संघ की वेबसाईट पर अपलोड किया जावेगा ।

## 1. इंटर्नशीप हेतु पद रिक्तियों का विवरण -

### 1.1. इंटर्न (संग्रहण, लाख, संरक्षण एवं वन संवर्द्धन, आयुर्वेद, मार्केटिंग, लैब एनालिस्ट, आई.टी. एवं प्रसंस्करण) की वर्गवार रिक्तियां

| क्र. | वृत्त का नाम | जिला यूनियन | पदस्थिति स्थल | पद का नाम | वर्गवार रिक्तियॉ | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | अना. | अजजा | अपिव | अजा | कुल |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | रायपुर | वृत्त | | इंटर्न (लैब) सामान्य | 1 | | | | 1 |
| 2 | बिलासपुर | वृत्त | | | 1 | | | | 1 |
| 3 | सरगुजा | वृत्त | | | 1 | | | | 1 |
| 4 | कांकेर | कांकेर | | | 1 | 1 | | | 2 |
| 5 | रायपुर | बलौदाबाजार | | | 1 | | | | 1 |
| 6 | बिलासपुर | बिलासपुर | | | 1 | 1 | | | 2 |
| 7 | सरगुजा | सरगुजा | | | 1 | | | | 1 |
| 8 | जगदलपुर | जगदलपुर | | | | 1 | | | 1 |
| | | योग | | | **7** | **3** | **0** | **0** | **10** |
| 9 | रायपुर | वृत्त | | इंटर्न (माइक्रो.) | 1 | | | | 1 |
| | | योग | | | **1** | **0** | **0** | **0** | **1** |
| 10 | कांकेर | वृत्त | | रिटेल मार्केटिंग | 1 | | | | 1 |
| 11 | रायपुर | वृत्त | | | 1 | 1 | | | 2 |
| 12 | दुर्ग | वृत्त | | | 1 | | | | 1 |
| 13 | बिलासपुर | वृत्त | | | 1 | 1 | | | 2 |
| 14 | सरगुजा | वृत्त | | | 1 | | | | 1 |
| 15 | जगदलपुर | वृत्त | | | 1 | | | | 1 |
| 16 | संघ मुख्यालय | मुख्यालय रायपुर | | | 1 | | | | 1 |
| | | योग | | | **7** | **2** | **0** | **0** | **9** |

| क्र. | वृत्त का नाम | जिला यूनियन | पदस्थिति स्थल | पद का नाम | वर्गवार रिक्तियॉं | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | अना. | अजजा | अपिव | अजा | कुल |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 17 | संघ मुख्यालय | मुख्यालय रायपुर | | बल्क मार्केटिंग | 1 | | | | 1 |
| | | **योग** | | | **1** | **0** | **0** | **0** | **1** |
| 18 | जगदलपुर | जगदलपुर | | इंटर्न (आयुर्वेद) | 1 | | | | 1 |
| 19 | रायपुर | गरियाबंद | | | 1 | | | | 1 |
| 20 | कांकेर | नारायणपुर | | | 1 | | | | 1 |
| 21 | | कांकेर | | | 1 | | | | 1 |
| 22 | सरगुजा | जशपुर | | | 1 | | | | 1 |
| 23 | संघ मुख्यालय | मुख्यालय रायपुर | | | 1 | | | | 1 |
| | | **योग** | | | **6** | **0** | **0** | **0** | **6** |
| 24 | संघ मुख्यालय | मुख्यालय रायपुर | | इंटर्न (आई.टी.) | 1 | 1 | | | 2 |
| | | **योग** | | | **1** | **1** | **0** | **0** | **2** |
| 25 | जगदलपुर | जगदलपुर | | इंटर्न (संरक्षण एवं संवर्द्धन) | 1 | | | | 1 |
| 26 | कांकेर | नारायणपुर | | | 1 | | | | 1 |
| 27 | रायपुर | धमतरी | | | 1 | | | | 1 |
| 28 | बिलासपुर | कटघोरा | | | 1 | | | | 1 |
| 29 | | रायगढ़ | | | 1 | | | | 1 |
| 30 | सरगुजा | कोरिया | | | 1 | | | | 1 |
| 31 | संघ मुख्यालय | मुख्यालय रायपुर | | | 1 | | | | 1 |
| | | **योग** | | | **7** | **0** | **0** | **0** | **7** |
| 32 | कांकेर | पूर्व भानुप्रतापपुर | | इंटर्न (लाख) | 1 | | | | 1 |
| 33 | | कांकेर | | | 1 | | | | 1 |
| 34 | दुर्ग | राजनांदगांव | | | 1 | | | | 1 |
| 35 | रायपुर | गरियाबंद | | | 1 | | | | 1 |
| 36 | बिलासपुर | कटघोरा | | | 1 | | | | 1 |
| 37 | | धरमजयगढ़ | | | 1 | | | | 1 |
| 38 | सरगुजा | कोरिया | | | 1 | | | | 1 |
| 39 | | मनेन्द्रगढ़ | | | 1 | | | | 1 |
| 40 | | सूरजपुर | | | 1 | | | | 1 |
| 41 | संघ मुख्यालय | मुख्यालय रायपुर | | | 1 | | | | 1 |
| | | **योग** | | | **10** | **0** | **0** | **0** | **10** |

| क्र. | वृत्त का नाम | जिला यूनियन | पदस्थिति स्थल | पद का नाम | वर्गवार रिक्तियाँ | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | अना. | अजजा | अपिव | अजा | कुल |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 42 | जगदलपुर | बीजापुर | | इंटर्न (संग्रहण) | 1 | | | | 1 |
| 43 | | दंतेवाड़ा | | | 1 | | | | 1 |
| 44 | रायपुर | गरियाबंद | | | 1 | | | | 1 |
| 45 | कांकेर | द. कोण्डागांव | | | 1 | | | | 1 |
| 46 | सरगुजा | बलरामपुर | | | 1 | | | | 1 |
| 47 | संघ मुख्यालय | मुख्यालय रायपुर | | | 1 | 1 | | | 2 |
| | | योग | | | 6 | 1 | 0 | 0 | 7 |
| 48 | जगदलपुर | बीजापुर | | इंटर्न (प्रसंस्करण) | 1 | | | | 1 |
| 49 | | सुकमा | | | | 1 | | | 1 |
| 50 | | जगदलपुर | | | | 1 | 1 | | 2 |
| 51 | | दंतेवाड़ा | | | 1 | | | | 1 |
| 52 | कांकेर | कोण्डागांव | | | 1 | 1 | | | 2 |
| 53 | | नारायणपुर | | | 1 | | | | 1 |
| 54 | रायपुर | गरियाबंद | | इंटर्न (प्रसंस्करण) | 1 | 1 | | | 2 |
| 55 | | बलौदाबाजार | | | 0 | 1 | | | 1 |
| 56 | दुर्ग | बालोद | | | 1 | | | | 1 |
| 57 | | कवर्धा | | | | 1 | | | 1 |
| 58 | बिलासपुर | कटघोरा | | | 1 | | | | 1 |
| 59 | | धरमजयगढ़ | | | 1 | | | | 1 |
| 60 | सरगुजा | बलरामपुर | | | 1 | | | | 1 |
| 61 | | मनेन्द्रगढ़ | | | 1 | | | | 1 |
| 62 | संघ मुख्यालय | | | | 2 | 2 | 1 | | 5 |
| योग | | | | | 12 | 8 | 2 | 0 | 22 |
| | महायोग | | | | 58 | 15 | 2 | 0 | 75 |

निश्चित मासिक मानदेय के अतिरिक्त प्रदर्शन के आधार पर इंसेन्टिव भी देय होगा । अनुसंधान भत्ता केवल कार्य प्रगति आधार पर देय होगा ।

यह इंटर्नशीप प्रोग्राम पूर्ण कालिक प्रोग्राम है । चयनित इंटर्नस को इस कार्य हेतु पदस्थिति मुख्यालय में रहना अनिवार्य होगा । साथ ही सतत रूप से संपूर्ण राज्य क्षेत्र में या राज्य के बाहर के क्षेत्र भ्रमण करना होगा । ऐसा नही करने पर एकतरफा कार्यवाही करते हुए इंटर्नशीप की अवधि समाप्त की जावेगी । इंटर्नशीप अवधि पूर्ण करने वाले अभ्यर्थी को प्रमाण पत्र भी प्रदाय किया जावेगा।

## 2. शैक्षणिक योग्यता:-

| | | |
|---|---|---|
| 1. | इंटर्न (संग्रहण) | बी.एस.सी.(कृषि/उद्यानिकी/फॉरेस्ट्री/ बायोलॉजी) स्नातक न्यूनतम 55 प्रतिशत अंको के साथ उत्तीर्ण । |
| 2. | इंटर्न (लाख) | बी.एस.सी.(कृषि/उद्यानिकी/फॉरेस्ट्री/बायोलॉजी) स्नातक न्यूनतम 55 प्रतिशत अंको के साथ उत्तीर्ण । |
| 3. | इंटर्न (वन संवर्द्धन) | बी.एस.सी. फारेस्ट्री/हार्टीकल्चर/बायो में न्यूनतम 55 प्रतिशत अंको के साथ उत्तीर्ण । |
| 4. | इंटर्न (प्रसंस्करण) | बी.ई./बी.टेक.(फूड टेक्नोलॉजी/मैकेनिकल) स्नातक न्यूनतम 55 प्रतिशत अंको के साथ उत्तीर्ण । |
| 5. | इंटर्न (आई.टी.) | बी.ई./बी.टेक.(कम्प्यूटर साईंस / आई.टी.) स्नातक न्यूनतम 55 प्रतिशत अंको के साथ उत्तीर्ण । |
| 6. | इंटर्न (आयुर्वेद) | बी.ए.एम.एस. स्नातक न्यूनतम 55% अंको के साथ उत्तीर्ण । |
| 7. | इंटर्न (मार्केटिंग) | बी.ई./बी.टेक, इंडस्ट्रीयल इंजीनियरिंग/ मैकेनिकल/फूड टेक्नालॉजी/कृषि/एग्रीबिजनेस मैनेजमेंट में न्यूनतम 55 प्रतिशत अंको के साथ उत्तीर्ण अथवा /मार्केटिंग मैनेजमेंट (एम.बी.ए.-मार्केटिंग) में स्नात्कोत्तर न्यूनतम 55 प्रतिशत अंको के साथ उत्तीर्ण । |
| 8. | इंटर्न (लैब-एनॉलिस्ट-सामान्य) | बी.एस.सी. बायोटेक/केमेस्ट्री/फूड टेक्नालॉजी/ न्यूट्रीशयन या बी.टेक बायोटेक, न्यूनतम 55 प्रतिशत अंको के साथ उत्तीर्ण । |
| 9. | इंटर्न (लैब-एनॉलिस्ट-माइक्रोबीएल) | एम.एस.सी. माइक्रोबायेलॉजी न्यनूतम 55 प्रतिशत अंको के साथ उत्तीर्ण । |

### 3.1. कार्य दायित्व :-

3.1.1. **इंटर्न संग्रहण** - कार्यक्षेत्र वाले जिला यूनियनों के अंतर्गत न्यूनतम समर्थन मूल्य एवं संघ द्वारा निर्धारित दर पर स्व सहायता समूहों के माध्यम से लघु वनोपज क्रय करना तथा प्राथमिक प्रसंस्करण करना एवं लघु वनोपज आधारित विकास, उद्यमिता विकास को बढ़ावा देना है । इस कार्य करने से स्वयं लघु वनोपज आधारित उद्यमिता या लघु वनोपज आधारित कार्य करने में दक्षता मिलेगी ।

3.1.2. **इंटर्न लाख** - शासन द्वारा लाख पालन कार्य को बढ़ावा देने हेतु फसल ऋण एवं बीमा योजना स्वीकृत की गई है । स्वीकृत योजना के क्रियान्वयन का कार्य किया जाना है, जिसमें किसानों का सर्वे कर ऋण प्रदान करने, किसानों को तकनीकी सहयोग प्रदान करने, लाख पालन कार्य को बढ़ावा देने एवं ऋण वसूली तथा न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना में लाख क्रय एवं प्रसंस्करण कार्य को बढ़ावा दिया जाना है । इसके अतिरिक्त लाख हितग्राहियों को प्रशिक्षण एवं अन्य सहयोग भी प्रदान किया जाना है । आवश्यकतानुसार फसल बीमा संबंधी प्रकरणों के निपटारा का कार्य भी किया जाना होगा।

3.1.3. **इंटर्न संरक्षण एवं वन संवर्द्धन** - छ.ग.राज्य लघु वनोपज संघ अंतर्गत वन संरक्षण एवं संवर्द्धन हेतु संचालित योजनाओं के अंतर्गत लघु वनोपज प्रजातियों के अंतःस्थलीय एवं वाहृय स्थलीय संरक्षण, संवर्द्धन, प्रबंधन का कार्य संपादित करना तथा लोक संरक्षित क्षेत्र (पी.पी.ए.) एवं कृषि वानिकी क्षेत्रों में लघु वनोपज / औषधि प्रजातियों का संवर्द्धन एवं रोपण का कार्य किया जाना होगा ।

3.1.4. **इंटर्न प्रसंस्करण** - वनधन विकास केन्द्र योजनांतर्गत हर्बल उत्पाद प्रसंस्करण हेतु स्थापित वनधन विकास केन्द्र के अंतर्गत लक्ष्य अनुरूप उच्च गुणवत्ता, उत्पाद निर्माण स्व सहायता समूहों के माध्यम से सुनिश्चित कराया जाना । साथ ही हर्बल उत्पाद निर्माण हेतु लाईसेंस आदि प्राप्त करना तथा वनधन विकास केन्द्र के अंतर्गत किये जाने वाले कार्यों की जानकारी वरिष्ठ कार्यालय में प्रेषित करने के साथ-साथ वनधन विकास केन्द्र के संपूर्ण कार्यों का नियंत्रण । वनधन विकास केन्द्र के व्यापार वृद्धि हेतु समस्त कार्य किया जाना होगा ।

3.1.5. **इंटर्न आयुर्वेद** - वनधन विकास केन्द्र योजनांतर्गत वनौषधि प्रसंस्करण हेतु स्थापित वनधन विकास केन्द्र के अंतर्गत लक्ष्य अनुरूप उच्च गुणवत्ता, उत्पाद निर्माण स्व सहायता समूहों के माध्यम से सुनिश्चित कराया जाना । साथ ही वनौषधि उत्पाद निर्माण हेतु लाईसेंस, जी.एम.पी. आदि प्राप्त करना तथा वनधन विकास केन्द्र के अंतर्गत किये जाने वाले कार्यों की जानकारी वरिष्ठ कार्यालय में प्रेषित करने के साथ-साथ वनधन विकास केन्द्र के संपूर्ण कार्यों का नियंत्रण । वनधन विकास केन्द्र के व्यापार वृद्धि हेतु समस्त कार्य किया जाना होगा ।

3.1.6. **इंटर्न विपणन** - संघ द्वारा तैयार किये जा रहे उत्पादों के संबंध में बाजार सर्वेक्षण स्व सहायता समूहों के माध्यम से शहरी / ग्रामीण क्षेत्रों में उत्पाद विपणन को बढ़ावा देना, लघु वनोपज एवं उत्पादों के लिए बाजार सर्वेक्षण कर क्रेताओं की जानकारी तैयार करना एवं वनधन विकास केन्द्रों के अंतर्गत निर्मित उत्पादों के विपणन को बढ़ावा देना ।

3.1.7. **इंटर्न आई.टी.** - लघु वनोपज संघ अंतर्गत संचालित विभिन्न प्रकार के साफ्वेयर संचालन, डाटा बेस मैनेजमेंट, ऑनलाईन भुगतान, नये साफ्वेयर निर्माण आदि कार्य किया जाना होगा ।

3.1.8. **इंटर्न लैब एनालिस्ट (बायोटेक)** - संघ अंतर्गत वृत्त मुख्यालय में स्थापित (जनरल) लैब अंतर्गत निर्धारित मापदंडों के अनुरूप कच्चे वनोपज/हर्बल उत्पादों का परीक्षण करना ताि रिपोर्ट तैयार कर संबंधित केन्द्र / संघ को सूचित करना ।

3.1.9. **इंटर्न लैब एनालिस्ट (माइक्रोबिएल)** - संघ अंतर्गत स्थापित लैब में लघु वनोपज/हर्बल उत्पादों के माइक्रोबिएल परीक्षण कर रिपोर्ट संबंधित केन्द्र/संघ को प्रेषित करना ।

**4. समय सारणी :-**

| क्र. | विषय | रिक्तियां | तिथि | समय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | विज्ञापन जारी करने का दिनांक | समस्त विज्ञापित रिक्तियां हेतु | 30-08-2023 | |
| 2. | वॉक-इन-इंटरव्यू (साक्षात्कार) का दिनांक एवं समय | समस्त विज्ञापित रिक्तियां हेतु | 25-09-2023 एवं 26-09-2023 | प्रातः 11:00 बजे से |
| 3. | साक्षात्कार परिणाम घोषणा | समस्त विज्ञापित रिक्तियां हेतु | 03-10-2023 | |
| 4. | चयनित इंटर्न उपस्थिति अंतिम दिनांक | समस्त विज्ञापित रिक्तियां हेतु | 13-10-2023 | |
| 5. | चयनित इंटर्न के उपस्थिति न देने की स्थिति में प्रतीक्षा सूची में दर्शित अभ्यर्थियों को उपलब्ध रिक्तियों के लिए सूचना | समस्त विज्ञापित रिक्तियां हेतु | 16-10-2023 | |
| 6. | चयनित इंटर्न के उपस्थिति न देने की स्थिति में प्रतीक्षा सूची में दर्शित अभ्यर्थियों का उपस्थिति अंतिम दिनांक | समस्त विज्ञापित रिक्तियां हेतु | 26-10-2023 | |

**5. आयु सीमा:-**

5.1. निर्धारित शैक्षणिक योग्यता उत्तीर्ण करने के पश्चात अधिकतम 5 वर्ष तक के अभ्यर्थी इंटर्न रिक्तियां हेतु आवेदन कर सकते हैं परंतु अभ्यर्थी की अधिकतम आयु **01.07.2023** की स्थिति में 30 वर्ष से ज्यादा न हो ।

6. **निवासी:-** छत्तीसगढ़ के स्थानीय निवासी तथा जिले के मूल निवासी आवेदक को प्राथमिकता दिये जाने हेतु सक्षम अधिकारी द्वारा जारी निवास प्रमाण पत्र के आधार पर वरियता सूची में 5% प्रतिशत अतिरिक्त अंक प्रदाय किया जायेगा । अंतिम चयन सूची प्राप्त अधिकतम अंको के आधार पर जारी वरीयता सूची में से किया जावेगा ।

**7. चयन प्रक्रिया-**

7.1. **सामान्य निर्देश-**

7.1.1. इच्छुक अभ्यर्थी ऑनलाईन आवेदन भरकर उक्त के प्रिंट के साथ संबंधित जिला / जिला यूनियन के वन वृत्त कार्यालय में साक्षात्कार दिनांक को साक्षात्कार के पूर्व जमा कर साक्षात्कार में भाग ले सकेंगे ।

7.1.2. साक्षात्कार दिनांक को प्राप्त आवेदनों के आधार पर वन वृत्त स्तर पर गठित समिति द्वारा दस्तावेजों का सत्यापन उपरांत चयन प्रक्रिया प्रारंभ की जावेगी। अभ्यर्थियों को चयन प्रक्रिया के तहत साक्षात्कार में आने का यह तात्पर्य नही होगा कि उनका चयन हो गया है ।

7.1.3. संघ मुख्यालय हेतु प्रस्तावित पदों पर साक्षात्कार वन वृत्त कार्यालय रायपुर में होगा ।

7.1.4. एक बार इंटर्नशीप हेतु चयनित अभ्यर्थी पुनः इंटर्न हेतु पात्र नही होगें ।

7.1.5. शैक्षणिक योग्यता एवं साक्षात्कार में प्राप्त अंक के आधार पर प्रवीण्य सूची जारी की जावेगी । यह साक्षात्कार वृत्त स्तर के चयन समिति द्वारा जिला यूनियन / वृत्त कार्यालय में किया जायेगा । संबंधित वृत्त के मुख्य वन संरक्षक एवं पदेन मुख्य महा प्रबंधक द्वारा चयन समिति गठित किया जायेगा । चयन आदेश संबंधित प्रबंध संचालक, जिला यूनियन द्वारा जारी किया जायेगा ।

7.1.6. चयन समिति के अनुशंसा के आधार पर मुख्य वन संरक्षक एवं पदेन मुख्य महा प्रबंधक वन वृत्त द्वारा चयन तथा प्रतिक्षा सूची जारी किया जावेगा। किसी जिले में योग्य अभ्यर्थी न मिलनें पर संबंधित वृत्त की चयन समिति अन्य जिले के अभ्यर्थी हेतु आदेश जारी कर सकते हैं । प्रथम चयनित अभ्यर्थी के उपस्थित नही होने पर प्रवीण्य सूची से अगले प्रतिक्षारत अभ्यर्थी हेतु आदेश जारी किया जा सकता है ।

7.2. **चयन प्रक्रिया के तहत अंको का विभाजन-** चयन प्रक्रिया हेतु वरीयता सूची निम्नानुसार तैयार की जावेगी -

| विवरण | इंटर्नस (संग्रहण), (संरक्षण / वन संवर्द्धन)/(लाख)/(प्रसंस्करण)/(आयुर्वेद)/ (मार्केटिंग)/ (लैब एनालिस्ट), (आई.टी.) |
|---|---|
| शैक्षणिक योग्यता में प्राप्त कुल अंक का 80% | अधिकतम 80 अंक |
| जिले के मूल निवासी हेतु अंक | 5 अंक |
| साक्षात्कार | 15 अंक |
| **योगः-** | **100 अंक** |

शैक्षणिक योग्यता एवं साक्षात्कार में सर्वाधिक अंक पाने वाले वर्गवार अभ्यर्थियों का चयन किया जावेगा । चयन प्रक्रिया संबंधी किसी भी प्रकार के संशोधन अथवा निर्देशों के लिये संघ के वेबसाईट **www.cgmfpfed.org** का नियमित अवलोकन करते रहे ।

**8. मूल दस्तावेज सत्यापन -**

साक्षात्कार पूर्व आवेदक को निर्धारित प्रारूप में संबंधित जिले के वृत्त कार्यालय में समस्त स्व प्रमाणित दस्तावेजों का परीक्षण कराया जाना अनिवार्य होगा । आवेदन के समय प्रस्तुत जानकारी एवं मूल दस्तावेज में अंकित जानकारी समान होने पर ही आवेदक चयन हेतु पात्र होगा । गलत जानकारी प्रस्तुत करने के कारण यदि चयन निरस्त की जाती है तो आवेदक स्वयं जिम्मेदार होगा ।

8.1. हाईस्कूल प्रमाण पत्र की मूल प्रति एवं छाया प्रति ।

8.2. हायर सेकेण्ड्री एवं आवश्यक शैक्षणिक योग्यता के प्रमाण पत्र की अंक सूची की मूल प्रति एवं छाया प्रति ।

8.3. छत्तीसगढ़/संबंधित जिला का मूल निवासी प्रमाण पत्र की मूल प्रति एवं छाया प्रति ।

8.4. सक्षम अधिकारी द्वारा जारी की गई जाति प्रमाण पत्र ।

8.5. फोटो युक्त पहचान पत्र (आधार कार्ड, ड्रायविंग लायसेन्स, पैन कार्ड या कोई भी राजपत्रित अधिकारी द्वारा जारी पहचान कार्ड) ।

8.6. अन्य आवश्यक अभिलेख एवं छायाप्रति ।

**9. सामान्य दिशा निर्देशः-**

9.1. संभावित रिक्तियों की संख्या में कमी या वृद्धि हो सकती है ।

9.2. अपूर्ण, अस्पष्ट, त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्रों को अस्वीकार कर दिया जावेगा एवं इस संबंध में उम्मीदवारों को कोई सूचना नहीं दी जावेगी ।

9.3. इंटर्न चयन हेतु अर्हता, चयन प्रक्रिया तथा अन्य संबंधित जानकारी संघ की वेबसाइड **www.cgmfpfed.org** पर उपलब्ध कराई जाएगी । इस संबंध में अभ्यर्थियों को पृथक से सूचना पत्र प्रेषित नहीं किया जावेगा। अतः आवेदक **www.cgmfpfed.org** का निरंतर अवलोकन करते रहें।

9.4. आवेदक अपनी अर्हता की जांच स्वयं कर ले और अर्हता की समस्त शर्तो को पूरा करने पर ही साक्षात्कार में उपस्थित होवें । चयन की किसी भी स्तर पर आवेदक को अयोग्य पाये जाने पर उनका आवेदन पत्र निरस्त कर उनकी उम्मीदवारी समाप्त की जावेगी, इसके लिए किसी भी प्रकार की पृथक से सूचना नहीं दी जावेगी ।

9.5. विज्ञापन में तथ्यात्मक / लिपिकीय त्रुटि चयन के किसी भी स्तर में सुधारी जा सकती है, जिसकी विधिवत सूचना वेबसाईट **www.cgmfpfed.org** में प्रकाशित होगी । ऐसे त्रुटि सुधार से चयन की प्रक्रिया अप्रभावित रहेगी । इसके संबंध में कोई भी अभ्यावेदन स्वीकार नही होगा ।

9.6. चयन के संबंध में नियुक्तिकर्ता अधिकारी का निर्णय अंतिम एवं बंधनकारी होगा ।

9.7. इंटर्नशीप की अवधि 1 वर्ष के लिए होगी । इंटर्न का चयन पूर्ण रूप से अस्थाई रहेगा ।

9.8. इंटर्नशीप हेतु एक बार चयनित अभ्यर्थी का चयन दोबारा इंटर्नशीप हेतु नहीं लिया जावेगा ।

9.9. जिला के विरूद्ध दर्शित रिक्तियों में चयनित आवेदक को उसी जिला यूनियन के अंतर्गत चयन किया जायेगा परंतु आवश्यकतानुसार पदस्थिति परिवर्तित की जा सकती है । परिविर्तत पदस्थिति पर उपस्थित न होने की दशा में इंटर्नशीप समाप्त की जा सकती है ।

9.10. चयनित आवेदकों को छत्तीसगढ़ के वनवासियों के आजीविका के लिये कार्य करना है । इस हेतु आवेदक को जिला यूनियन व दूरस्थ क्षेत्र तथा सम्पूर्ण राज्य में किसी भी स्थान पर चयनकर्ता अधिकारी अथवा सक्षम अधिकारी के निर्देशानुसार क्षेत्र भ्रमण किया जाना होगा । क्षेत्र भ्रमण दूरस्थ एवं संवेदनशील क्षेत्रों में भी किया जाना होगा । आवश्यकतानुसार राज्य के बाहर भी प्रवास पर जाना होगा। तदानुसार इच्छुक अभ्यर्थी ही आवेदन प्रस्तुत करें ।

9.11. इंटर्नशीप के दौरान उभय पक्षों द्वारा एक माह का मानदेय अथवा एक माह का नोटिस देकर इंटर्नशीप समाप्त की जा सकती है ।

9.12. चयन हेतु आवेदक की पात्रता / अपात्रता के संबंध में अंतिम निर्णय लेने का अधिकार संबंधित जिला यूनियन के प्रबंध संचालक को होगा ।

9.13. ऐसे आवेदक जिन्हें पूर्व में अनुशासनहीनता / अनुचित व्यवहार या अनियमितता के आधार पर दंडित किया गया हो वह चयन हेतु पात्र नही होगा ।

9.14. किसी भी आवेदक द्वारा यदि गलत जानकारी प्रस्तुत की गयी है, तो चयन प्रक्रिया के समय अथवा चयन के पश्चात किसी भी समय उसकी इंटर्नशीप निरस्त की जा सकती है ।

9.15. प्रदर्शन के आधार पर देय इंसेन्टिव दर, प्रकिया निर्धारण करने हेतु प्रबंध संचालक, छ.ग.राज्य लघु वनोपज संघ द्वारा अधिकृत अधिकारी का ही होगा । इंटर्न इसमें किसी भी प्रकार का दावा नही कर सकते ।

9.16. अनुसंधान भत्ता का निर्धारण कार्य की प्रगति के आधार पर प्रति माह भुगतान किया जावेगा । इंटर्न इसमें किसी भी प्रकार का दावा नही कर सकते ।

9.17. यह इंटर्नशीप छ.ग.राज्य लघु वनोपज संघ में किसी भी प्रकार के नौकरी या नियुक्ति का आश्वासन नही करता ।

9.18. चयनित इंटर्न द्वारा यदि दूरस्थ क्षेत्रों में प्रवास के लिए असहमति दी जाती है तो तत्काल प्रभाव से उनकी इंटर्नशीप समाप्ति की जावेगी ।

**अपर प्रबंध संचालक (विकास)**
छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ, नवा रायपुर(छ.ग.)

# इंटर्न साक्षात्कार हेतु वृत्त कार्यालय का नाम एवं पता

बिलासपुर वृत्त - **कार्यालय, मुख्य वन संरक्षक एवं पदेन मुख्य महा प्रबंधक,** संत कंवर राम गेट,संजीवनी हास्पीटल के पास, नेहरू चौंक बिलासपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.)
Mobile No.- 8770409419, 9098084602

सरगुजा वृत्त - **कार्यालय, मुख्य वन संरक्षक एवं पदेन मुख्य महा प्रबंधक,** पंचानंद होटल के पास, साल परिसर अम्बिकापुर, जिला सरगुजा (छ.ग.)
Mobile No.- 08516817773

जगदलपुर वृत्त - **कार्यालय, मुख्य वन संरक्षक एवं पदेन मुख्य महा प्रबंधक,** संजय मार्केट के पास, वृत्त कार्यालय जगदलपुर, जिला जगदलपुर (छ.ग.)
Mobile No.- 9993945301, 8103576771

कांकेर वृत्त - **कार्यालय, मुख्य वन संरक्षक एवं पदेन मुख्य महा प्रबंधक,** उदय कॉलोनी के पास, रायपुर रोड, कांकेर, जिला कांकेर (छ.ग.)
Mobile No.- 7000103869, 9752848669

रायपुर वृत्त एवं संघ मुख्यालय - **कार्यालय, मुख्य वन संरक्षक एवं पदेन मुख्य महा प्रबंधक,** ए-25, व्ही. आई.पी. इस्टेट, शंकर नगर खम्हारडीह, रायपुर, जिला रायपुर (छ.ग.)
Mobile No.- 9630320555

दुर्ग वृत्त - **कार्यालय, मुख्य वन संरक्षक एवं पदेन मुख्य महा प्रबंधक,** जेल रोड पांच बिल्डिंग के पास, दुर्ग, जिला दुर्ग (छ.ग.)
Mobile No.- 9425555006, 6263665712

| वन वृत्त से संबंधित जिला यूनियन का नाम | | |
|---|---|---|
| **क्र.** | **वन वृत्त का नाम** | **संबंधित वृत्त/ जिला यूनियन का नाम** |
| 1. | जगदलपुर | जगदलपुर वृत्त, जगदलपुर, बीजापुर, सुकमा, दंतेवाड़ा |
| 2. | कांकेर | कांकेर वृत्त, कांकेर, नारायणपुर, द.कोण्डागांव, पूर्व भानुप्रतापपुर |
| 3. | रायपुर | रायपुर वृत्त, बलौदाबाजार, धमतरी, गरियाबंद, संघ मुख्यालय |
| 4. | दुर्ग | दुर्ग वृत्त, राजनांदगांव, बालोद |
| 5. | बिलासपुर | बिलासपुर वृत्त, बिलासपुर, कटघोरा, रायगढ़, कोरबा, धरमजयगढ़ |
| 6. | सरगुजा | सरगुजा वृत्त, सरगुजा, जशपुर, कोरिया, बलरामपुर, मनेन्द्रगढ़, सूरजपुर |